भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

प्रेस विज्ञप्ति

विषय: भा वि प्रा की क्षेत्रीय संयुक्त परामर्शी तंत्र (आर-जे सी एम) सिलीगुड़ी में आयोजित की गई ।

कोलकाता, 12 अगस्त, 2015 भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के दो दिवसीय क्षेत्रीय संयुक्त परामर्शी तंत्र (आर-जे सी एम) का शुभारंभ 6 अगस्त, 2015 को श्री एस.भादुरी, क्षेत्रीय कार्यपालक निदेशक (पूर्वी क्षेत्र) द्वारा किया गया । इस अवसर पर श्री ए.के. शर्मा, विमानपत्तन निदेशक, कोलकाता, श्री आर. प्रभु महाप्रबंधक (मा.सं.) मुख्यालय, श्री बी.एस अहलावत, महासचिव एयरपोर्ट अथॉरिटी इम्पलाइज यूनियन, तथा क्षेत्रीय सचिव (ए ए ई यू) गैर-मैट्रो तथा मेट्रो क्रमश: श्री पथिक भट्टाचार्य, श्री प्रदीप सिकदर भी उपस्थित थे ।

मंचासीन अतिथियों ने संगठन की बेहतरी के लिए सहयोगी दृष्टिकोण की आवश्यकता तथा टीम वर्क हेतु स्वस्थ चर्चा पर जोर दिया । क्षेत्रीय कार्यपालक निदेशक (पू.क्षे.) ने क्षेत्रीय संयुक्त परामर्शी तंत्र को कोलकाता से बाहर शिफ्ट करने के बारे में अपने विचार रखे । उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय संयुक्त परामर्शी तंत्र को कोलकाता से बाहर शिफ्ट किए जाने का प्राथमिक उद्देश्य एजेंडा के मुख्य बिंदुओं के अलावा स्थानीय मुद्दों पर बल भी दिया जाना है ।

इस फोरम में उठाए गए प्रत्येक मुद्दे पर विचार किया गया तथा उनके समाधान हेतु सभी संभव प्रयास किए गए ।

जनसम्पर्क निदेशालय द्वारा जारी

विस्तृत जानकारी के लिए संपर्क करें

म.प्र. (जनसंपर्क) 011-24622787, 9810025069,

सं. 32 /2015-16